# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान सरकार को स्कूलों में शिक्षा के माध्यम के रूप में राजस्थानी को मान्यता देने और बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक नीति बनाने का निर्देश किसने दिया है

(A) राज्यपाल

(B) सुप्रीम कोर्ट

(C) भारत सरकार

(D) इनमें से कोई नही

सुप्रीम कोर्ट ने 13 मई को राजस्थान सरकार को स्कूलों में शिक्षा के माध्यम के रूप में राजस्थानी को मान्यता देने और बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक नीति बनाने का निर्देश दिया

- जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्य सरकार को राजस्थानी को एक स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा के रूप में उचित दर्जा दिलाने की दिशा में काम करने और धीरे-धीरे इसे स्कूलों में शिक्षा के माध्यम के रूप में शुरू करने का निर्देश दिया.
- कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार शैक्षिक उद्देश्यों के लिए राजस्थानी भाषा को एक स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने और उचित दर्जा देने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी.

## Yesterday Revision

01. 13 मई 2026 को राजस्थान और हरियाणा के बीच यमुना पाइपलाइन परियोजना के क्रियान्वयन पर सहमति बनी है।

02. सहकारिता क्षेत्र में विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

03. राजस्थान सरकार ने एक जिला एक उत्पाद नीति (ओडीओपी) के तहत 5 जिलों में स्थापित होने वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी

04. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सर्वाधिक सड़क लंबाई पूर्ण करने की श्रेणी में राजस्थान (75,868 किमी) द्वितीय स्थान पर है

05. रामदेवरा और सम स्थित ब्रीडिंग सेंटर में हाल ही में दो नए चूजों के जन्म के साथ इन केंद्रों में गोडावणों की कुल संख्या बढ़कर 86 हो गई है

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान के अलवर जिले के कोटकासिम में मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (MRO) फैक्ट्री स्थापित होगी

(B) इससे क्षेत्र में विमानन सेक्टर की गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के अलवर जिले के कोटकासिम में मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (MRO) फैक्ट्री स्थापित करने की योजना पर काम चल रहा है, जो एनसीआर क्षेत्र का पहला बड़ा MRO हब बनने की राह पर है।
- उद्देश्य: दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (DMIC) के तहत इस क्षेत्र को एयरोस्पेस और डिफेंस हब के रूप में विकसित करना।
- इस प्रस्तावित हब के बनने के बाद दिल्ली, जेवर और जयपुर एयरपोर्ट से जुड़े विमानों की मरम्मत, तकनीकी जांच और मेंटेनेंस का काम यहीं किया जा सकेगा।
- इससे क्षेत्र में विमानन सेक्टर की गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान में प्रतिष्ठित 'ब्रह्मगुप्त पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की गई है।

(2) इस पुरस्कार का नाम 7वीं शताब्दी के महान भारतीय गणितज्ञ और खगोलशास्त्री ब्रह्मगुप्त के नाम पर रखा गया है,

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 11 मई 2026 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर राज्य में प्रतिष्ठित 'ब्रह्मगुप्त पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की।
- यह पुरस्कार विज्ञान, गणित, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों, वैज्ञानिकों और छात्रों को सम्मानित करने के लिए दिया जाएगा।
- साथ ही जयपुर कोचिंग हब में इनोवेशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा की।
- इस पुरस्कार का नाम 7वीं शताब्दी के महान भारतीय गणितज्ञ और खगोलशास्त्री ब्रह्मगुप्त के नाम पर रखा गया है,

03. मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट, मारवाड़-जोधपुर की ओर से किसे सर्वोच्च 'राव सीहा सम्मान- मारवाड़ रत्न' से सम्मानित किया गया?

(A) डॉ रवीना चौधरी

(B) डॉ सुनीता बिश्नोई

(C) डॉ एमएल जाट

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर ) के सचिव डॉ एमएल जाट को मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट, मारवाड़-जोधपुर की ओर से सर्वोच्च 'राव सीहा सम्मान- मारवाड़ रत्न' से सम्मानित किया गया।
- जोधपुर के महाराजा गज सिंह ने डॉ. जाट को अंगवस्त्र, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, एक लाख की सम्मानित राशि एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।
- यह सम्मान कृषि अनुसंधान, जलवायु अनुकूल खेती, मरुस्थलीय कृषि नवाचार और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।
- राव सीहा सम्मान' मारवाड़ के संस्थापक राव सीहा जी के नाम पर दिया जाने वाला प्रतिष्ठित सर्वोच्च नागरिक सम्मान है

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) पीएम-जनमन योजना में राजस्थान के बारां जिले के शाहबाद और किशनगंज ब्लॉक शामिल हैं

(2) सहरिया जनजाति राजस्थान की एकमात्र ऐसी जनजाति है जो इस श्रेणी में शामिल

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- सहरिया जनजाति का सशक्तिकरण पीएम-जनमन योजना (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान)
- राजस्थान के बारां जिले के शाहबाद और किशनगंज ब्लॉक मुख्य रूप से सहरिया जनजाति के बाहुल्य क्षेत्र हैं।
- भारत सरकार द्वारा सहरिया जनजाति को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) के रूप में वर्गीकृत किया गया हैं।
- यह राजस्थान की एकमात्र ऐसी जनजाति है जो इस श्रेणी में शामिल हैं।
- पीएम जनमन योजना (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान) की शुरुआत 15 नवंबर 2023 को हुई थी
- उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs) को घर, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**05. रीको द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए हर दिन औसतन कितने औद्योगिक भूखण्ड आवंटित किए गए?**

(A) 2 भूखण्ड

(B) 4 भूखण्ड

(C) 6 भूखण्ड

(D) 10 भूखण्ड

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) ने वर्ष 2025-26 में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं
- आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 में सबसे अधिक 21 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए, जो पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक हैं. पिछले 10 वर्षों का आंकलन किया जाए, तो वित्त वर्ष 2025-26 में रीको द्वारा सर्वाधिक हर दिन औसतन 6 भूखण्ड आवंटित किए गए हैं।
- कुल 2,072 भूखण्ड आवंटित किए गए, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 135 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में 21 नए औद्योगिक क्षेत्र खोले गए हैं, यानि हर 17 दिन में औसतन एक औद्योगिक क्षेत्र, जो कि पिछले 10 वर्षों में सर्वाधिक है।
- !साथ ही, वर्ष 2025-26 में नए निवेश हेतु औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के उद्देश्य से 10,440 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया, जो पिछले 10 वर्षों में सर्वाधिक है।

जयपुर, बुधवार, 13 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-83

1 **बारां** जिले के शाहबाद और किशनगंज ब्लॉक में मुख्य रूप से किस जनजाति के बाहुल्य क्षेत्रों को पीएम-जनमन योजना से जोड़ा गया है?
(A) भील
(B) मीणा
(C) गरासिया
(D) सहरिया

2 **सहकारिता** क्षेत्र में विश्व की 'वृहत् अन्न भंडारण योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान का देश में कौन सा स्थान है?
(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ

3 **राजस्थान** में कक्षा 1 से 12वीं तक की एकीकृत शिक्षा उपलब्ध करवाने वाले कुल कितने विद्यालय वर्तमान में संचालित हैं, जो प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा एक ही स्थान पर प्रदान करते हैं?
(A) 21,482 विद्यालय
(B) 25,612 विद्यालय
(C) 27,889 विद्यालय
(D) 31,250 विद्यालय

4 **मोबाइल** वेटरनरी यूनिट योजना के वित्तीय पोषण के संबंध में केंद्र और राज्य सरकार का क्रमशः हिस्सा कितना है?
(A) 50% केंद्र और 50% राज्य
(B) 60% केंद्र और 40% राज्य
(C) 75% केंद्र और 25% राज्य
(D) 90% केंद्र और 10% राज्य

5 **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत प्रतापगढ़ जिले का खेल कौन सा है?
(A) तैराकी
(B) तीरंदाजी
(C) एथलेटिक्स
(D) बॉक्सिंग

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सरकार ने एक जिला एक उत्पाद नीति (ओडीओपी) के तहत कितने जिलों में स्थापित होने वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी?**

(A) 5

(B) 2

(C) 4

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine